कार्यालय नगर निगम, सहारनपुर।

पत्र सं0: 432 /सहा0न0आ0/न0नि0सहा0/2022–23 दिनांक: 04 जनवरी, 2023

प्रस्ताव के लिये अनुरोध पत्र (RFP)

नगर निगम सहारनपुर द्वारा प्लास्टिक/पॉलिथीन के रिसाईक्लिंग (निस्तारण) हेतु, इच्छुक फर्म/कम्पनियों से प्रस्ताव आमन्त्रित किये जाते हैं। इच्छुक फर्म/कम्पनी जो इस कार्य को भली–भाँति करती हों, दिनांक 12.01.2023 की सांय 04:00 बजे तक बन्द लिफाफे में अपना प्रस्ताव कार्यालय स्वास्थ्य विभाग नगर निगम, सहारनपुर मे रखे बोक्स में डाल सकते हैं। समय उपरान्त प्राप्त प्रस्ताव अमान्य होंगें। प्रस्ताव की शर्तें निम्नवत् हैं।

1. फर्म/कम्पनी फैक्ट्री रिसाईक्लिंग का कार्य करती हो तथा प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड एवं शासनादेशों के अधीन नियमानुसार फैक्ट्री संचालित हो।
2. फर्म/कम्पनी चालू हालत में नगर निगम सीमान्तर्गत या सीमा के निकटतम स्थित हो।
3. फर्म/कम्पनी की फैक्ट्री, प्लास्टिक निस्तारण क्षमता प्रतिमाह न्युनतम 500 टन हो।
4. नगर निगम द्वारा फर्म/कम्पनी को उपलब्ध करायी गयी प्लास्टिक/पॉलिथीन का मूल्य नगर निगम कोष में जमा कराना होगा। फर्म/कम्पनी को, निगम द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली प्लास्टिक/पॉलिथीन की दर प्रस्ताव में प्रति कि0ग्रा0 में देनी होगी।
5. फर्म/कम्पनी का चयन आर0एफ0पी0 प्राप्त होने पर सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त किया जायेगा।
6. नगर निगम/जनहित में शर्त को संशोधन/घटाने/बढ़ाने का अधिकार नगर आयुक्त, सहारनपुर में निहित होगा।
7. फर्म का प्रतिनिधि कार्यालय नगर निगम, सहारनपुर में उपस्थित रहेगा।
8. फर्म/कम्पनी का ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0 में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, सहारनपुर।

प्रतिलिपिः–

1. नगर आयुक्त महोदया को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अपर नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. सम्पादक/प्रभारी दैनिक जागरण एवं दैनिक हिन्दुस्तान समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त का प्रकाशन डी0ए0वी0पी0 दर कम–से–कम स्पेस में कर समाचार पत्र की तीन प्रतियों सहित बिल दो प्रतियों प्रस्तुत करें।
4. श्री मोहित तलवार, आई0टी0ओ0 (सी0एल0सी0) को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना को सहारनपुर नगर निगम की वैबसाईट पर डाउनलोड किये जाने हेतु।
5. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, सहारनपुर।

SNA-NSA-LTR

Scanned with CamScanner